खाटू में ट्रैफिक जाम हो गया

तेरी दातारी का चर्चा जब से आम हो गया,
रींगस से खाटू में ट्रैफिक बाबा जाम हो गया........

तेरी प्रेमी तेरी महिमा घर घर जाकर गाते,
तू हारे का साथी है यह जाकर के बतलाते,
हारे हर प्रेमी का ठिकाना खाटू धाम हो गया,
रींगस से खाटू में ट्रैफिक बाबा जाम हो गया........

तूं देखे ना बड़ा या छोटा राजा हो या रंक,
तेरा प्रेमी जहाँ में उड़ता सांवरिया बिन पंख,
तुझ पर किया भरोसा जीवन तेरे नाम हो गया,
रींगस से खाटू में ट्रैफिक बाबा जाम हो गया........

भक्तों का मेला लगता है हर दिन तेरे दर पे,
जो भी आए सच्चे मन से जाए झोली भर के,
भक्तों के जीवन में जब से सुख आराम हो गया,
रींगस से खाटू में ट्रैफिक बाबा जाम हो गया........

ढोग देखावे से जो हटकर तेरी शरण में आता,
"रोमी" सारा जीवन बाबा उसका साथ निभाता,
जग तेरे भजनों का दीवाना सुबह शाम हो गया,
रींगस से खाटू में ट्रैफिक बाबा जाम हो गया.......

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/30795/title/khatu-me-traffic-jaam-ho-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |